बोकारो इस्पात संयंत्र के श्रमिकों को आवास देने संबंधी योजना

*536. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोकारो इस्पात संयंत्र में श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) उनमें से कितने श्रमिकों को रिहायशी आवास दिया गया है और कितने श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें यह सुविधा नहीं मिली है ; और

(ग) उन श्रमिकों को, जिन्हें अब तक आवास नहीं दिया गया है, आवास देने के लिए सरकार की क्या योजना है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम) : (क) से (ग): इस समय बोकारो स्टील लिमिटेड के हाजरी रजिस्टर में 21,694 कर्मचारी हैं । अब तक सरकार ने बोकारो इस्पात नगर में 16890 क्वार्टरों के निर्माण की मंजूरी दी है इन में से 5756 क्वार्टर रिहायश के लिए तैयार हो चुके हैं और रिहायश के लिए दे दिए गए हैं । कुल मिलाकर 11996 कर्मचारियों को आवास दिए गए हैं । इन में कुछ ऐसे कर्मचारी भी हैं जो दूसरे कर्मचारियों के साथ रह रहे हैं शेष 8134 क्वार्टर जिनका निर्माण कार्य चल रहा है तैयार हो जाने पर बोकारो स्टील लिमिटेड के वर्तमान कर्मचारियों में से 80% से अधिक कर्मचारियों को क्वार्टर देने संभव हो सकेंगे ?

Supply of Steel to H.E.C., Ranchi by private companies

*537. KUMARI KAMLA KUMARI: Will the Minister of HEAVY INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the attention of Government has been drawn towards the report appearing in 'Saptahik Haldhar' a weekly published from Daltanganj (Bihar) dated the 22nd February, 1973 regarding the supply of steel to H.E.C., Ranchi by the private companies; and

(b) if so, the steps taken by Government to check these irregularities?

THE MINISTER OF HEAVY INDUSTRY (SHRI T. A. PAI): (a) Yes, Sir. The Press report contained an allegation that a considerable part of steel scrap generated by the Heavy Machine Building Plant of the Corporation is not used in its Foundry Forge Plant, but is auctioned to some private parties who supply the same material at a higher price to Heavy Engineering Corporation for their use.

(b) A committee of senior officers of Heavy Engineering Corporation with the General Manager, F.F.P. as its chairman conducted an enquiry into the above allegation. The committee came to the conclusion that the allegation was baseless.

ढाका स्थित भारतीय राजनयिकों को "ब्लैक दिसम्बर" संगठन द्वारा धमकी

*538. **श्री विभूति मिश्र** :

श्री फतह सिंह राव गायकवाड़ :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ढाका (बंगलादेश) स्थित भारतीय राजनयिकों को "ब्लैक दिसम्बर" संगठन द्वारा धमकी दी गई है ;